## एक नजर में

### स्कीम नंबर 36 में शासकीय कर्मचारी नीरज गोस्वामी कर रहा था बिजली चोरी, विभाग ने की कार्रवाई



**नीमच।** नीमच जिला चिकित्सालय में कार्यरत एक शासकीय कर्मचारी नीरज पिता कृष्ण जनार्दन गोस्वामी अपने निवास कृष्णा कुटी मकान नंबर 544, स्कीम नंबर 36 -ए पर लम्बे समय से बिजली की मेन लाइन में कट मारकर मीटर से पहले ही बायपास बनाकर अपने घर पर बिजली की चोरी कर रहा था। जिसकी सुचना मिलने पर मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के सहायक यंत्री महेश ठाकुर ने नीरज पिता कृष्ण जनार्दन गोस्वामी अपने निवास कृष्णा कुटी मकान नंबर 544, स्किम नंबर 36 -ए पर आकस्मिक निरीक्षण किया तो उस दौरान आरोपी श्री नीरज गोस्वामी द्वारा मीटर सर्विस लाइन से कट मारकर घरेलू बिजली चोरी करते हुए पाया गया। मौके पर विभाग की टीम द्वारा प्रकरण में कार्यवाही करते हुए विद्युत अधिनियम की धारा 135 के तहत विद्युत चोरी का अपराध कारित कर पंचनामा बनाया। वही जांच में पाया गया की उक्त बिजली चोरी का कार्य जिला चिकित्सालय में कार्यरत शासकीय कर्मचारी नीरज गोस्वामी द्वारा किया जा रहा था। परन्तु बिजली का मीटर उनके स्वर्गीय पिता श्री कृष्ण जनार्दन गोस्वामी के नाम पर ही चल रहा है।

### थाना बघाना जिला नीमच को मिली बड़ी सफलता



**नीमच।** पुलिस अधीक्षक अंकित जायसवाल के द्वारा शहर में हो रही चोरी की घटना की रोकथाम के लिये चलाये गये अभियान के अन्तर्गत कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था, जो अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री नवलसिंह सिसोदिया एवं नगर पुलिस अधीक्षक सुश्री किरण चौहान के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी बघाना श्री नीलेश अवस्थी के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया जिस पर आरोपीयो को गिरफ्तार कर चोरी गया मशरुका जप्त किया गया। निवासी रहीमगंज मोहल्ला नया बाजार घंटाघर के पास नीमच केंट की रिपोर्ट पर दिनांक 21.10.25 की रात्रि में अज्ञात चोर द्वारा थाना बघाना क्षेत्र के ग्राम झांझरवाडा मे एनएस इंण्स्ट्री से गेहु की छलनी बनाने की डाई 05 नग, आटा छालने की डाई सेट 01 नग, लोहे का पासा 01 नग कलर कंप्रेसर कीमती -2,50,000 रूपये का चोरी होने पर थाना बघाना पर अपराध क्रमांक 333/22.10.25 धारा 331 (4) 305 (ए) बीएनएस का कायम किया गया विवेचना में तकनीकी साक्ष्य मुखबीर सूचना व मनोवैज्ञानिक पुछताछ के आधार पर संदेही व्यक्ति मंगल पिता पिता बापुलाल मेघवाल उम्र 21 साल निवासी बाग पिपलिया थाना बघाना ने अपने साथी जावेद निवासी बागपिपलिया के साथ मिलकर उक्त चोरी की घटना करना स्वीकार किया है प्रकरण सदर में चोरी गया समस्त माल व घटना में प्रयुक्त मोटरसाईकल जप्त किया गया है प्रकरण मे एक साथी आरोपी जावेद फरार है व अन्य अपराधो मे आरोपी से पुछताछ की जा रही है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से मजदूर की मौत, पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया




**नीमच।** नीमच के नयागांव क्षेत्र में गुरुवार को एक सड़क हादसे में 48 वर्षीय बिहार निवासी रामदयाल (पिता रघुनाथ भगत) की मौत हो गई। वह धनपुरा, थाना दिनारा, जिला भोजपुर (बिहार) के निवासी थे और नीमच जिले में आयोग अभिसार कंपनी में कार्यरत थे। घटना नयागांव से सकरण घाटी घोसुंडी चौराहे के पास हुई, जहां अज्ञात वाहन ने रामदयाल को टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल रामदयाल को नयागांव टोल एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा कार्रवाई की और शव को जिला चिकित्सालय भेजा। शुक्रवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। मृतक के छोटे भाई शिवदयाल पाल ने शव को प्राप्त किया और एंबुलेंस के माध्यम से पार्थिव शरीर बिहार भेजा गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। मृतक को टक्कर मारने वाले वाहन की शिनाख्त और चालक की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छानबीन कर रही है।

### अ.भा.पूर्व सैनिक सेवा परिषद जिला मंदसौर का दीपावली मिलन समारोह कल भानपुरा में

**मन्दसौर।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद जिला मंदसौर इकाई का दीपावली मिलन समारोह संगठन कि भानपुरा इकाई द्वारा कल रविवार 26 अक्टूबर को भानपुरा नागर माता परिसर में आयोजित किया जा रहा है। संगठन अध्यक्ष मुकेश गुर्जर पालड़ी ने बताया कि विगत 5 वर्ष से संगठन जिले कि अलग-अलग तहसील में दीपावली एवं होली मिलन समारोह का आयोजन करते आ रहा है इस बार का दीपावली मिलन समारोह भानपुरा इकाई द्वारा किया जा रहा है जो कि नागर माता परिसर भानपुरा में होगा जिसमें शहीद परिवार, सैनिक एवं पूर्व सैनिक परिवार और वीर नारिया सम्मिलित होंगे।

### कायस्थ समाज मंदसौर द्वारा भगवान श्री चित्रगुप्त का पूजन एवं अभिषेक संपन्न



**मन्दसौर।** कायस्थ समाज मंदसौर द्वारा भगवान श्री चित्रगुप्त का संपूर्ण विधि-विधान से पूजन एवं अभिषेक किया गया। अभिषेक के उपरांत समाजजनों द्वारा आरती की गई तथा प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर समाज में नए अध्यक्ष के चयन को लेकर भी चर्चा की गई। निर्णय लिया गया कि समाज दिनांक 26 अक्टूबर रविवार को अध्यक्ष का चुनाव करेगा। इसी क्रम में नए अध्यक्ष के चयन हेतु एक आवश्यक बैठक भगवान चित्रगुप्त मंदिर, मंदसौर में रखी गई है। बैठक में वह सभी समाजजन उपस्थित हों जो समाज को आगे ले जाने एवं मंदिर की देखरेख में योगदान देना चाहते हैं। बैठक में बताया कि जो व्यक्ति समाज की उन्नति के लिए सुझाव या प्रस्ताव देना चाहते हैं, वे 26 अक्टूबर (रविवार) को बैठक में उपस्थित होकर अपने विचार रखें। पूजन में उपस्थित प्रमुख समाजजन पूर्व अध्यक्ष विक्रम भटनागर, राज नारायण भटनागर, नितिन गौड़, कुणाल श्रीवास्तव (श्रीवास्तव समाज सेवा) सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

## भानपुरा तहसील के करमदीखेड़ा में हत्या का मामला, आरोपियों को किया गिरफ्तार



**भानपुरा।** भानपुरा तहसील के ग्राम करमदीखेड़ा में बुधवार देर रात हुई युवक शंभू सिंह पिता तूफान सिंह (40 वर्ष) की हत्या के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 24 घंटे के भीतर दो मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार, 22 और 23 अक्टूबर की मध्यरात्रि में आपसी कहासुनी और गाली-गलौज के दौरान शंभू सिंह की लाठी से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई, जबकि उसका साथी कमलेश मेघवाल गंभीर रूप से घायल हो गया। हत्या को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश फैल गया। उन्होंने नीमच-भोपाल हाईवे पर करीब आठ घंटे तक चक्का जाम किया। पुलिस के उच्च अधिकारियों — एडिशनल एसपी हेमलता कुरील, एसडीओपी और थाना प्रभारी रमेशचंद दांगी द्वारा उचित कार्रवाई के आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने जाम हटाया।

पुलिस ने जांच के बाद हत्या के मुख्य आरोपी धनराज पिता श्यामलाल मीणा (45) एवं अरुण पिता बजरंग मीणा (30), दोनों निवासी मोखमपुरा, को राजस्थान के रामगंजमंडी से गिरफ्तार किया।

थाना प्रभारी रमेशचंद दांगी ने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ में हत्या का कारण यह सामने आया कि आरोपी धनराज अपनी पिकअप वाहन से जा रहा था। इसी दौरान मृतक शंभू सिंह और उसका साथी, जो शराब के नशे में थे, ने वाहन रोककर गाली-गलौज और मारपीट की। इसके बाद आरोपी वहां से निकल गया और कुछ देर बाद साथियों को लेकर लौटकर मृतक के घर पहुंचा तथा लाठी-डंडों से हमला कर दिया।घटना की सूचना घायल साथी कमलेश मेघवाल ने पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा तैयार किया और त्वरित जांच शुरू की। मृतक के भाई भारत सिंह की रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 103, 109 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस ने आरोपियों द्वारा उपयोग में लाई गई पिकअप वाहन को भी जब्त कर लिया है।

इस कार्रवाई में एसआई जोरसिंह डामोर, एसआई बलवीरसिंह सहित अन्य पुलिसकर्मियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। घटना के बाद क्षेत्र में तनाव का माहौल रहा, लेकिन पुलिस की तत्परता से स्थिति नियंत्रण में आ गई। पुलिस का कहना है कि इस वारदात में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।



### बढ़ते तनाव को कम व दूर करने के लिए विभाग द्वारा आनंद उत्सव का आयोजन

**गरोठ /नाहरगढ।** जनपद पंचायत गरोठ सभागृह में आनंद विभाग एवं म.प्र. जन अभियान परिषद् के सयुक्त रुप से मध्यप्रदेश शासन के कर्मचारीयो के बढ़ते तनाव को दुर करने के लिए विभाग द्वारा आनंद उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जिसमे विभाग के मास्टर ट्रेनर डॉ. विनिता कुलश्रेष्ट व राकेश कुमार गुप्ता द्वारा जनपद पंचायत क्षेत्र के कर्मचारीयो को किस प्रकार तनाव से मुक्त रखा जाए इसके लिये प्रशिक्षित किया, प्रशिक्षण कार्यशाला में गरोठ जनपद के विभिन्न विभागो के कर्मचारीयो ने भाग लिया। मास्टर ट्रेनर द्वारा कार्य को बोझ न समझ कर किस प्रकार आनंद से कार्य किया जाए इसके लिए प्रोत्साहित किया। इस कार्यक्रम में जनपद पंचायत के मुख्यकार्यपालन अधिकारी पी सी वर्मा द्वारा समय अभाव के कारण तनाव खत्म नही है तनाव के कारण हमारी ईच्छा शक्ति में शितिलता आने लगती है परन्तु आनंद विभाग द्वारा अल्पविराम जैसै कार्य से हमारा शरीर पुन: ईच्छा शक्ति लिए हुए कार्य करने को जाग्रत हो जाता है। आज के परिवेश में जिस प्रकार हम जी रहे है उसके बदलना होगा हमे पुन: हमारा नाता जमीन से जोड़ना होगा इस प्रकार का वक्तव्य प्राप्त हुआ व सहायक यंत्री संजीत आर्य का भी प्रशिक्षणार्थीयो को मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

## एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटर्स एसोसिएशन करेगा चरणबद्ध आंदोलन, दिया ज्ञापन

- डिलेवरी प्रभार एवं प्रशासकीय शुल्क में बढ़ोत्तरी की मांग



**मन्दसौर।** एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटर्स एसोसिएशन ने भारत सरकार के पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के सचिव के नाम जिला कलेक्टर मंदसौर के माध्यम से एक ज्ञापन प्रेषित कर एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटर्स के डिलेवरी प्रभार एवं प्रशासकीय शुल्क में बढ़ोतरी की मांग को लेकर आंदोलन की सूचना दी गई।

ज्ञापन में कहा कि एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटर्स एसोसिएशन (आई) के राष्ट्रीय अधिवेशन 19 अप्रैल 2025 को पारित संकल्प / निर्णय के अनुसार एसोसिएशन द्वारा दिनांक 19/04/2025 को प्रस्तुत मांग पत्र के संबंध में आज दिनांक तक सरकार द्वारा किसी पकार का निर्णय नहीं लेने के कारण भारत गणतंत्र के तीनों सार्वजनिक तेल कंपनियों, इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड, हिंदुस्तान पैट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड एवं भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड के एलपीजी वितरक आंदोलन करने के लिए विवश हैं। एलपीजी वितरक अपनी एक सूत्रीय मांग को लेकर चरणबद्ध तरीके से आंदोलन किया जा रहा है।

भारत सरकार, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय, द्वारा गठित डिनोबा समिति की सिफारिश के अनुरूप एलपीजी वितरकों के सेवा प्रभार (एडमिनिस्ट्रेटिव चार्ज एण्ड होम डिलेवरी चार्ज) में वृद्धि नहीं किया जाना वितरकों के अधिकारों का हनन है। वर्ष 2019 तक नियमित रूप से प्रत्येक वर्ष कम से कम एक बार एलपीजी वितरकों को प्रशासकीय प्रभार एवं डिलीवरी प्रभार में वृद्धि की जाती रही किंतु वर्ष 2020-21 में कोविड-19 के कारण वृद्धि नहीं की गई और 2 साल के अंतराल के बाद मई 2022 में जो वृद्धि की गई यह अत्यंत कम थी। जहां एक और शासकीय सेवक एवं ऑयल कंपनी के अधिभारी प्रत्येक वर्ष जनवरी एवं जुलाई में मूल्य सूचकांक के आधार पर महंगाई वृद्धि का लाभ लेते हैं वहीं 2 वर्ष तक एलपीजी वितरकों के डिलेवरी चार्ज एण्ड एडमिनिस्ट्रेटिव चार्ज में वृद्धि नहीं करने से एलपीजी वितरकों में असंतोष व्याप्त है तथा उनका जीवन यापन करना भी कठिन हो चुका है। इस संबंध में एसोसिएशन के सदस्यों ने 17 अक्टूबर को बैठक आयोजित होम डिलेवरी चार्ज एंड एडमिनिस्ट्रेटिव चार्ज में 75 रू. की वृद्धी किए जाने की अपनी मांगों के समर्थन में चरणबद्ध तरीके से आंदोलन करने का निर्णय लिया गया है।

चरणबद्ध आंदोलन के तहत दिनांक 24 अक्टूबर 2025 से भारत गणतंत्र के सभी वितरक एवं उनके कर्मचारी विरोध स्वरूप काली पट्टी बांधकर कार्य करेंगे तथा जिला कलेक्टर के माध्यम से अपनी मांगों के समर्थन में ज्ञापन प्रस्तुत करेंगे। भारत गणतंत्र के सभी वितरक दिनांक 29 अक्टूबर 2025 को अपने प्रदेश की राजधानी जिला मुख्यालय तहसील मुख्यालय पर सायं 7 बजे के पश्चात मशाल जुलूस/मोमबत्ती जलाकर विरोध प्रदर्शन करेंगे। दिनांक 06/11/25 गुरुवार को सभी एलपीजी वितरक न तो लोड अकाउंट में पैसा जमा करेंगे और ना ही इंडेंट करेंगे। उसके पश्चात् भी भारत सरकार द्वारा एलपीजी वितरकों की उपरोक्त एक सूत्रीय भांग को नहीं मानने की स्थिति में भारत गणतंत्र के सभी वितरक अपना कारोबार बंद कर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने के लिए बाध्य होंगे।

## संभाग स्तरीय अंडर-17 क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ



**मंदसौर।** शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के अंतर्गत अंडर-17 वर्ग बालक संभाग स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य आयोजन शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-2, मंदसौर के संयोजन में तथा जिला शिक्षा अधिकारी के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में नूतन खेल परिसर में किया गया।

कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद मंदसौर की अध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका उपाध्यक्ष श्रीमती नम्रता प्रीतेश चावला ने की। विशेष अतिथि के रूप में जिला शिक्षा अधिकारी सुश्री टेरेसा मिन्ज, विकासखंड शिक्षा अधिकारी आनंद डावर, अतिथि श्री राजेश गुर्जर एवं जिला खेल अधिकारी बी.एल. बारीवाल उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के आरंभ में सभी अतिथियों का स्वागत विद्यालय क्रमांक-2 के प्राचार्य विजय सिंह पुरावत द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि श्रीमती गुर्जर ने छात्र खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करने हेतु प्रेरित किया और शुभकामनाएं दीं कि वे अपने विद्यालय और जिले का नाम गौरवान्वित करें।

नगर पालिका उपाध्यक्ष श्रीमती चावला ने कहा कि आज के विद्यार्थी ही भविष्य में देश का प्रतिनिधित्व करेंगे। क्रिकेट एक लोकप्रिय खेल है और इसकी लोकप्रियता विश्वभर में है। प्रत्येक खिलाड़ी को निरंतर परिश्रम करते हुए भारतीय टीम में स्थान पाने का लक्ष्य रखना चाहिए।

इस प्रतियोगिता में संभाग के सातों जिले उज्जैन, देवास, रतलाम, नीमच, आगर मालवा, शाजापुर एवं मंदसौर की टीमें भाग ले रही हैं। प्रत्येक टीम अपने जिले का प्रतिनिधित्व कर रही है। इनके साथ संबंधित कोच एवं मैनेजर भी उपस्थित रहे। प्रतियोगिता के प्रारंभ में रतलाम और आगर मालवा टीमों के खिलाड़ियों का परिचय विकासखंड शिक्षा अधिकारी आनंद डाबर, राकेश पुरोहित, जिला खेल अधिकारी बारीवाल एवं संयोजक क्रमांक 2 प्राचार्य विजय सिंह पुरावत के द्वारा खिलाड़ियों से परिचय किया गया।

नीमच से श्रीमती रेखा कुमावत, उज्जैन से मोहम्मद अली, रतलाम से दिग्विजय सिंह राठौर, देवास से रविंद्र सिंह बिष्ट, शाजापुर से विनय चौधरी, आगर मालवा से अश्वनी सोनी एवं श्री हेमेंद्र उमठ, मंदसौर से महेंद्र शुक्ला एवं अर्जुन परिहार उपस्थित रहे।

## भानपुरा के नरसिंह मंदिर में आरती मंडल द्वारा दसवां अन्नकूट महोत्सव भव्य रूप से संपन्न



**भानपुरा।** स्थानीय नरसिंह मंदिर आरती मंडल द्वारा आयोजित दसवां अन्नकूट (अन्नपूर्णा) महोत्सव शुक्रवार, 24 अक्टूबर 2025 को धार्मिक श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का आयोजन नरसिंह मंदिर आरती मंडल के अध्यक्ष इंद्रमल जैन के सानिध्य में किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और उन्होंने भगवान नरसिंह के दर्शन कर पूजा-अर्चना की।

महोत्सव में प्रसादी की व्यवस्था स्वर्गीय बालकृष्ण अमेठा परिवार के सहयोग से की गई। भक्तों ने दिनभर मंदिर परिसर में आयोजित भजन संध्या में भाग लेकर भक्ति रस का आनंद लिया। कार्यक्रम शाम 5 बजे तक चला, जिसके उपरांत महा आरती के साथ अन्नकूट प्रसाद वितरण का शुभारंभ हुआ।

अन्नकूट महोत्सव धार्मिक और सामाजिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण आयोजन माना जाता है, जिसमें भगवान की आराधना के साथ गरीबों और जरूरतमंदों को भोजन कराया जाता है। इस आयोजन से समाज में सेवा, सद्भाव और भक्ति की भावना को प्रोत्साहन मिलता है। नरसिंह मंदिर आरती मंडल और अमेठा परिवार को इस भव्य धार्मिक आयोजन के सफल संचालन के लिए श्रद्धालुओं ने बधाई दी।

**एक नजर** कलेक्टर के निर्देश से सीईओ जिला पंचायत, एसडीएम, तहसीलदार, नोडल अधिकारी स्वयं मंडियों में उपस्थित रहकर स्वयं कर रहे हैं मॉनिटरिंग

## किसानों ने उत्साह के साथ मंडियों में बेची सोयाबीन उपज, भावांतर योजना का लाभ लिया



**मंदसौर। कलेक्टर अदिती गर्ग के कुशल निर्देशन में आज से जिले की सभी मंडियों एवं उपमंडियों में भावांतर भुगतान योजना अंतर्गत सोयाबीन खरीदी कार्य का शुभारंभ हुआ। खरीदी के पहले ही दिन किसानों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी उपज मंडियों में बेची और योजना का लाभ उठाया।**

कलेक्टर के निर्देशानुसार सीईओ जिला पंचायत अनुकूल जैन, सभी एसडीएम, तहसीलदार, एवं नोडल अधिकारी स्वयं मंडियों में उपस्थित रहे और संपूर्ण व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने मंडियों में खरीदी की पारदर्शिता, किसानों की सुविधा एवं हेल्पडेस्क की कार्यप्रणाली का भी अवलोकन किया।

मंडियों में किसानों के स्वागत के लिए विशेष व्यवस्था की गई थी। मंडी सचिव पर्वत सिंह सिसोदिया ने बताया कि किसानों ने पूरे उत्साह के साथ भागीदारी की। किसानों का स्वागत पुष्पमाला पहनाकर किया गया। मंडियों में किसानों के लिए पेयजल, छायादार स्थान, बैठने की व्यवस्था तथा तौल कांटा एवं नीलामी प्रक्रिया की सभी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित रहीं।

जिले की सभी मंडियों में हेल्प डेस्क प्रारंभ किए जा चुके हैं, जहाँ प्रशिक्षित कर्मचारी किसानों को योजना से संबंधित जानकारी और सहायता प्रदान कर रहे हैं। प्रत्येक मंडी के लिए नोडल अधिकारी भी नियुक्त किए गए हैं, ताकि किसी किसान को उपज विक्रय के दौरान कोई समस्या न हो।

खरीदी के पहले दिन दोपहर तक जिले में उत्साह के साथ किसानों ने अपनी उपज का विक्रय किया। जिसमें मंदसौर मंडी में 11 किसान, दलौदा मंडी में 20 किसान, पिपलिया मंडी में 3 किसान, मल्हारगढ़ मंडी में 3 किसान, सीतामऊ मंडी में 10 किसान, सुवासरा मंडी में 5 किसान, शामगढ़ मंडी में 58 किसान, गरोठ मंडी में 3 किसान ने सोयाबीन को विक्रय किया।

कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग ने कहा कि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, यह हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। मंडियों में सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं ताकि किसान सहजता से अपनी उपज का विक्रय कर सकें और उन्हें योजना का पूरा लाभ समय पर प्राप्त हो।